(b) if so, what is the reason therefor and why it is not implemented by other airports;

(c) the total amount collected so far from that special toll; and

(d) whether there is any proposal under Government's consideration for abolishing the toll?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) and (b) Levy of 'Users Charge' on embarking international passengers from Calicut airport has been introduced to meet the interest charges on the loan raised by Malabar International Airport Development Society for the upgradation of Calicut airport. Such a loan has not been taken for any other airport project and hence 'users charge' is not being levied at any otherport.

(c) The approximate amount collected upto 30-6-1996 is Rs. 353.83 lakhs.

(d) No, Sir.

Handing over some airstrips to Maharashtra Government

1516. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of CIVIL AVIALTION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that recently Government of Maharashtra has asked the Central Government to hand over some airstrips in the State for its use;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have acceded to the demand of the State Government; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) and (b) Yes, Sir. The State Government of Maharashtra has requested Airports Authority of India (AAI) to hand over Sholapur and Kolhapur airports to the State Government.

(c) The procedural formalities are being complied with by the AAI.

(d) Does not arise.

उत्तर भारत तथा पूर्वोत्तर भारत में तीर्थाटन स्थल

1517. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना के अनुसरण में गठित की गई तीर्थ पर्यटन समिति ने उत्तरी भारत और पूर्वोत्तर भारत में कुछ तीर्थ स्थल अभिनिर्धारित किये हैं;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार इन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं;

(ग) क्या राज्य सरकारों ने इन तीर्थ स्थलों की विकास योजना हेतु अनुदान प्रदान करने के संबंध में मांग की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक स्थान के संबंध में कितनी धनराशि प्रदान की गयी तथा कितनी धनराशि खर्च की गयी है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) और (ख) जी, हां। तीर्थ पर्यटन पर बनी समिति ने उत्तरी भारत और उत्तर पूर्वी भारत में विकास के लिए 18 स्थानों की पहचान की है। ब्यौरे विवरण-I में दिए गए है। (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) पर्यटन विभाग राज्य सरकारों को, विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के लिए उनके गुण-दोषों, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के आधार पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, इन स्थानों के विकास के लिए अवमुक्त की गई राशि का ब्यौरा विवरण-II पर है।

विवरण-I

उत्तर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में विकास के लिए तीर्थ पर्यटन समिति द्वारा पहचान किए गए केन्द्र

क्रम सं०	राज्य का नाम	केन्द्र/स्थान
1.	असम	कामाख्या
2.	बिहार	बोधगया और पटना साहिब
3.	हिमाचल प्रदेश	पौंटा साहिब और ज्वालाजी
4.	जम्मू-कश्मीर	माता वैष्णो देवी
5.	उड़ीसा	जगन्नाथपुरी
6.	राजस्थान	अजमेर शरीफ़
7.	उत्तर प्रदेश	(I) बदरीनाथ-केदारनाथ-गंगोत्री-यमुनोत्री (II) बरसाना-नंदगांव-गोकुल-मथुरा-वृन्दावन-गोवर्धन।

विवरण-II

उत्तर और उत्तर-पूर्वी राज्यों के तीर्थ केन्द्रों के विकास के लिए राज्य सरकारों को दी गई वित्तीय सहायता का विवरण

क्रम सं०	परियोजना का नाम	वर्ष	(लाख रुपयों में) राशि
1.	पटना साहिब, बिहार में यात्रिका	1993-94	10.00
2.	ज्वालामुखी, हिमाचल प्रदेश में यात्री निवास	1993-94	5.00
3.	पुरी में जगन्नाथ मंदिर को दीपों से सजाना	1993-94	10.00
4.	पुरी में समुद्रतटीय उत्सव	1993-94	3.00
5.	पुरी में सी-बीच का प्रदीप्तिकरण	1994-95	3.00
6.	समुद्रतटीय उत्सव पुरी	1994-95	8.00
7.	पुरी में बीच क्लीनर उपकरण	1995-96	5.00
8.	अजमेर में यात्रिका	1994-95	7.69
9.	अजमेर में यात्री शेड/विश्राम स्थली	1994-95	11.38
10.	वैष्णो देवी में पर्यटक आवास	1995-96	10.00

गुजरात में दूरदर्शन केन्द्रों की प्रचालन लागत

1518. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात में कार्यरत दूरदर्शन केन्द्रों की प्रचालन लागत में पिछले कुछ वर्षों से वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो 1989-90 से आज की तिथि तक हुई इस वृद्धि का मद-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राजकोट दूरदर्शन केन्द्र में इस लागत का प्रतिशत सबसे अधिक है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में व्यापक स्तर पर कोई अध्ययन किया है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।